# ''हे हमारे पिता''

बाइबल में हमारे परमेश्वर के कितने सजीव, विशाल, यशस्वी और भयभीत करने वाले चित्रण हैं! परमेश्वर के बारे में मुझे अपनी मां की गोद में भी ऐसा प्रभाव मिला था कि वह महान सृष्टिकर्ता और सब वस्तुओं का बनाने वाला है, शायद आपको भी ऐसा ही प्रभाव मिला हो होगा। बाद में मैंने पढ़ा:

> देख, पहाड़ों का बनानेवाला और पवन का सिरजने वाला, और मनुष्य को उसके मन का विचार बताने वाला और भोर को अन्धकार करने वाला, और जो पृथ्वी के ऊंचे स्थानों पर चलने वाला है, उसी का नाम सेनाओं का परमेश्वर यहोवा है (आमोस 4:13)।

उसके यही विशेष गुण हमें आकर्षित करते हैं: ''क्योंकि उसके अनदेखे गुण, अर्थात उसकी सनातन सामर्थ, और परमेश्वरत्व जगत की सृष्टि के समय से उसके कामों के द्वारा देखने में आते हैं, यहां तक कि वे निरुत्तर हैं'' (रोमियों 1:20)। ऐसे परमेश्वर के सामने हम भौंचक्के रह जाते हैं।

एक और आरम्भिक प्रभाव जो मुझे मेरी मां और बाइबल से मिला था वह यह कि परमेश्वर केवल हमारा सृष्टिकर्ता ही नहीं, बल्कि ''न्यायी परमेश्वर'' (इब्रानियों 12:23) भी है। वह हर एक कार्य का, चाहे वह दृश्य हो या गुप्त, अच्छा हो या बुरा सबका न्याय करेगा (सभोपदेशक 12:14)। इसलिए, परमेश्वर के भय (2 कुरिन्थियों 5:11) और न्याय की निश्चितता के बारे में सुनकर हम उसके सामने भयभीत खड़े हैं।

## हमारा उसके साथ एक रिश्ता है

परन्तु, परमेश्वर का सबसे प्रिय बनने वाला और बहुमूल्य प्रभाव यह नहीं है कि उसके पास असीमित शक्ति है, और न ही यह कि वह सबका न्याय करने वाला है, बल्कि यह है कि वह हमारा पिता है। यदि वह हमारा पिता है, तो हम उसकी संतान भी हैं और वह हमारी सम्भाल करता है। पशुओं को नहीं बल्कि मनुष्यों को परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है (याकूब 3:9)। हमारे लिए अपनी दिलचस्पी के कारण ही, परमेश्वर ने मसीह से कहा था, ''हम मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार अपनी समानता में बनाएं'' (उत्पत्ति 1:26क)। मनुष्य के जानवर के किसी निम्न रूप से बनने में विश्वास रखने वाले विकासवादी, इस विचार का आनन्द नहीं ले सकते हैं। बाइबल में विश्वास करने वाले लोग इस बात से फूले

नहीं समाते कि मनुष्य को "परमेश्वर से थोड़ा ही कम" (भजन 8:5) बनाया गया है और वह "आत्माओं के पिता" (इब्रानियों 12:9) का एक पुत्र है। सृष्टि के द्वारा सब लोग परमेश्वर के पुत्र हैं, और सम्पूर्ण मनुष्य जाति का एक ही पिता है (उत्पत्ति 6:2; लूका 3:38; प्रेरितों 17:26)।

फिर तो यह विचार आनन्दित करने वाला है कि हमारा पूर्वज नीचे से नहीं बल्कि ऊपर से अर्थात स्वर्ग से है। फिर भी, केवल सृष्टि के द्वारा परमेश्वर का पुत्र होने में फूलने वाले, सुसमाचार के द्वारा कभी परमेश्वर का पुत्र नहीं बनने वाले, का अन्त जानवरों से भी बुरा है। जानवर मर जाते हैं और उनका अस्तित्व समाप्त हो जाता है; परन्तु मनुष्य में कुछ ऐसा है जो कभी नहीं मरता, और उसी का अनन्त आग में जाने का खतरा है। क्योंकि जिसे परमेश्वर के स्वरूप में होने का सौभाग्य प्राप्त है, यदि वह अपने पिता की आज्ञा मानने से इन्कार कर देता है, तो उसके लिए अच्छा होता कि वह पैदा ही नहीं होता। सही होने के लिए, मनुष्य को *दो* अर्थों में परमेश्वर का पुत्र बनना आवश्यक है: सृष्टि और एक नई सृष्टि। वह सांसारिक माता-पिता के घर एक बालक के रूप में जन्म लेता है, परन्तु उसके लिए नए सिरे से जन्म लेना भी आवश्यक है (यूहन्ना 3:3)। उसके लिए प्रभु मसीह में "नई सृष्टि" बनना आवश्यक है (2 कुरिन्थियों 5:17)। हमारे प्रभु ने कहा है, "मैं तुझ से सच कहता हूं; जब तक कोई मनुष्य जल[1] और आत्मा से न जन्मे तो वह परमेश्वर के राज्य में प्रवेश नहीं कर सकता" (यूहन्ना 3:5)।

## उसकी नज़र में हमारा बहुत महत्व है

अपने पिता के बारे में विचार करते समय आपके मन में उमड़ती भावनाओं को यीशु जानता है, और वह चाहता है कि उसके चेले परमेश्वर के बारे में ऐसा ही सोचें। जब सांसारिक पिता अपने बच्चे के मुंह में रोटी डालने के लिए इतना बलिदान कर सकता है, "... तो तुम्हारा स्वर्गीय पिता अपने मांगने वालों को अच्छी वस्तुएं क्यों न देगा?" (मत्ती 7:11)। असीमित शक्ति और सर्वज्ञ होने के कारण वह मेरे बारे में मुझसे अधिक जानता है, यहां तक कि उसने मेरे सिर के बाल भी गिने हुए हैं (लूका 12:7)। एक चिड़िया को भी नहीं भूलने वाला अपने बच्चों को आश्वासन देता है, "डरो नहीं, तुम बहुत गौरैयों से बढ़कर हो" (लूका 12:7)।

सात बच्चों की मां का कहना था, "मुझे सब बच्चे एक जैसे प्रिय हैं।" सांसारिक माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं, परन्तु वह कितना प्रेम करता होगा जो सबका पिता है! वह बड़े प्रेम से मेरी तरफ देखता है, और उसी समय उसे संसार के दूसरे किसी कोने में अपने किसी और बालक की भी उतनी ही चिंता होती है। वह छह बिलियन से अधिक लोगों को उनके नामों से जानता है, इससे भी अधिक संख्या में आत्मिक जगत में उसके बच्चे हैं। वेदी के नीचे (सताव सहने वाले[2] लोग) से आत्माएं जब अपने छुड़ाने वाले को पुकारती हैं तो वह उनकी सुनता है। (प्रकाशितवाक्य 6:9, 10)। परमेश्वर के छह बिलियन से अधिक स्वरूपों में से कोई भी, जो अभी शरीर में है उसे किसी भी समय पुकार सकता है; उन सब

की सुनने के लिए उसे कोई कर नहीं देना पड़ता। नहीं, वह हर एक की बात उतने ही धैर्य तथा ध्यान से सुनता है जैसे वह केवल एक व्यक्ति की ही सुन रहा हो।

## उसके प्रति हमारी एक ज़िम्मेदारी है

नि:संदेह, पिता कपट से प्रार्थना करने वाले की नहीं सुनेगा। परमेश्वर की व्यवस्था से मुंह मोड़ने वाले की प्रार्थना भी घिनौनी होती है (नीतिवचन 28:9)। प्रभु की आंखें धर्मियों पर लगी रहती हैं, और उसके कान उनकी बिनती की ओर लगे रहते हैं, परन्तु प्रभु बुराई करने वालों से विमुख रहता है (1 पतरस 3:12)। वह उससे बात करने के लिए भलाई करने की इच्छा करने वालों को रिझाता है, और उन्हें निराश नहीं करता (लूका 18:1)।

पिता सांसारिक हो या स्वर्गीय, जब कोई बच्चा ''धन्यवाद'' कहना छोड़ देता है तो दोनों ही प्रसन्न नहीं होते। जब मैं सुबह उससे बात किए बिना कमरे से निकल जाता हूं, तो पिता का हृदय बड़ा दु:खी होता है। जब मैं दिन के काम उसे भरोसे में लिए बिना और उसके पूर्वप्रबंध के लिए उसका धन्यवाद किए बिना रूखा होकर करने की कोशिश करता हूं तो उसका हृदय दु:खी होता है। यदि आप भी यीशु की तरह ही (मरकुस 1:35) मानते हैं कि आप पूरा दिन कोई बात या काम अपनी सहायता करने वाले पिता से अकेले में बात किए बिना नहीं कर सकते, तो उसे खुशी होती है। जब आप गुप्त में अपने पिता से बात करने के लिए निर्जन स्थान या बाग में सुबह की ओस सूखने से पहले जाते हैं, तो आपको दिनभर के लिए उससे सामर्थ मिलेगी, और आप आसानी से शैतान के चंगुल में नहीं फसेंगे। ''... और जैसे तेरे दिन वैसी ही तेरी शक्ति हो'' (व्यवस्थाविवरण 33:25)। दानिय्येल की तरह, यदि आप दिन में ईश्वरीय संगति के साथ स्वर्गीय स्थानों में बैठने के लिए समय निकालें, तो आप दिनभर के कामकाज में अधिक दयालु और धैर्यवान होंगे। शाम को, अपने खाने तथा सोने के लिए, अपने परिवार तथा मित्रों के लिए, करुणा तथा सुरक्षा के लिए, पापों की क्षमा तथा शुद्धता के लिए पिता को धन्यवाद देना न भूलें; उद्धार का आनन्द आपको मिल जाएगा और आप चैन की गहरी नींद ले सकेंगे।

## वह हमारे साथ एक श्रोता है

आपका एक पिता है। वह *आपका* पिता है। हम मनुष्यों को उस पिता से बात करने का सबसे बड़ा सौभाग्य मिला है, जो आकाश और पृथ्वी का स्वामी अर्थात स्वर्गीय पिता है। हम किसी और के पास प्रार्थना करने क्यों जाएं? बड़े दु:ख की बात है कि लाखों/करोड़ों बच्चों को मरियम और संतों की प्रार्थना करने के लिए सिखाया जाता है। स्वर्गदूतों को भी अत्यधिक आदर नहीं दिया गया (मत्ती 4:10; कुलुस्सियों 2:18; प्रकाशितवाक्य 22:8, 9), मनुष्य तो शरीर में हों या शरीर से बाहर, उनसे बहुत कम हैं (प्रेरितों 10:25, 26; 14:15)। मरियम की उपासना करने वालों ने ''सृष्टि की उपासना और सेवा की, न कि उस सृजनहार की जो सदा धन्य है'' (रोमियों 1:25)। हमें इस बात से आनन्दित होना चाहिए कि हम पिता से ऐसे बात कर सकते हैं जैसे किसी मित्र से बात कर रहे हों, और हमारे साथ हमारे लिए बिनती करने

के लिए पवित्र आत्मा (रोमियो 8:26, 27) और यीशु (1 यूहन्ना 2:1) खड़े होते हैं।

किसी ने कहा है कि हम परमेश्वर को सम्बोधित करते हुए "आप" के बजाय "तू" कहकर अधिक ही घनिष्ठ हो जाते हैं। "आप" कहने में अधिक सम्मान है, क्योंकि उम्र के साथ इसके बाल सफेद हो चुके हैं; औपचारिक भाषा में साधारण शब्दों से अधिक सम्मान नहीं दिखाई देता। नहीं, आप उस पिता से इतने घनिष्ठ नहीं हो सकते जो आपके साथ वैसे ही चलना चाहता है जैसे वह संसार में पाप के प्रवेश से पहले, दिन में ठंडे समय में अदन के पेड़ों की शाखाओं के नीचे आदम के साथ टहलता था (जैसे उत्पत्ति 3:8 क में मिलता है)। कोई मनुष्य परमेश्वर के साथ इतना अधिक चंचल हो सकता है जिसके लिए उसकी निंदा की जानी चाहिए। परंतु, निकटता के अर्थ में, हमें परमेश्वर के साथ घनिष्ठ होना चाहिए, क्योंकि हमें उसी के स्वरूप में बनाया गया था। हम गहरे विचारों में उसके साथ चल सकते हैं; वह हमारे बारे में सब कुछ जानता है। हमारे जीवन से उसके अनुग्रह की स्तुति और महिमा होनी चाहिए।

## उसे हमारी चिंता और परवाह है

अपने भाग्य पर कुड़कुड़ाते या अपने अभावों की शिकायत करने वाले को यूसुफ से दुर्व्यवहार होने के बावजूद उसके उत्तम व्यवहार से लज्जित होना चाहिए। जो कुछ उसके साथ हुआ, उस सब में पिता का हाथ था। यूसुफ का और मेरा पिता मुझे अपनी सारी चिंताएं अपने ऊपर डालने के लिए कहता है, क्योंकि वह हमें संभालता है (1 पतरस 5:7)। जब मैं बुड़बुड़ करने की परीक्षा में पढ़ता हूं, तो वह मुझे धीरे से डांट देता है, "तू भूल गया है" कि पुत्र को कभी-कभी ताड़ना की आवश्यकता होती है (देखिए इब्रानियों 12:5)। पुराने और नए दोनों नियमों में, उसने मुझसे इस बात को समझने का अनुरोध किया है "कि हे मेरे पुत्र, प्रभु की ताड़ना को हल्की बात न जान, और जब वह तुझे घुड़के तो हियाव न छोड़। क्योंकि प्रभु, जिससे प्रेम करता है, उसकी ताड़ना भी करता है; और जिसे पुत्र बना लेता है, उसको कोड़े भी लगाता है" (इब्रानियों 12:5ख, 6)।

कभी-कभी जब मैं अपने सांसारिक पिता से (कई बार रो-रोकर) कोई वस्तु मांगता था तो वह मुझे नहीं देता था। उसे पता होता था कि वह वस्तु देने से मेरा भला नहीं होगा। कई बार स्वर्गीय पिता मुझे अपने प्रेम के कारण वे वस्तुएं देने से इन्कार कर देता है जो मैं उससे मांगता हूं। वह मुझसे अधिक जानता है। बूढ़ा होकर भी, मैं उसके सामने एक नवयुवक की तरह ही हूं। जब तक आप और मैं उसकी आज्ञाओं को मानते और वह काम करते हैं जो उसकी नजर में अच्छा है, तब तक वह कभी भी हमारी प्रार्थना को सुनने और उसका उत्तर देने में असफल नहीं होता (1 यूहन्ना 3:22)। किसी वस्तु को बार-बार मांगने पर भी आपको इन्कार हो जाए, तो पौलुस के बारे में सोचिए, जिसने अपने शरीर में से कांटा निकालने के लिए बार-बार प्रार्थना की थी (2 कुरिन्थियों 12:8, 9)। विश्वास का वचन आपको आश्वासन देता है कि परमेश्वर ने कोई अच्छी वस्तु देने से आपको इन्कार नहीं किया (भजन 84:11)। वह चाहता है कि आप जान जाएं कि आपकी प्रार्थना को उसके

द्वारा ठुकराना आपके भले के लिए ही है।

यदि आप, यीशु की तरह ही, उसके सामने जो ऐसा सामर्थी है, कि आपकी बिनती और समझ से कहीं अधिक काम कर सकता है (इफिसियों 3:20) "ऊंचे शब्द से पुकार-पुकार कर, और आंसू बहा-बहाकर" (इब्रानियों 5:7) प्रार्थना करें, तो वह आपकी इच्छा के अनुसार न करके आपको दुखी नहीं करेगा। जो कुछ आप मांग रहे हैं, हो सकता है उससे दूसरों का भला होता हो। प्रभु की आंखें पृथ्वी पर इधर से उधर घूमती रहती हैं (2 इतिहास 16:9) और उनका ध्यान आगे अनन्तकाल की ओर होता है। यीशु का पिता उसे दु:ख में नहीं देखना चाहता था, परन्तु उसकी प्रार्थना नहीं सुनी गई। यीशु का पिता ही आपका भी पिता है और वह आपको उस समय से जानता है जब आप पैदा भी नहीं हुए थे। क्योंकि वह आपको और मुझे जानता है और हमारी संभाल भी करता है, इसीलिए परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र को कुचला और दु:ख में डाला (यशायाह 53:10)। इस प्रकार पिता को सदा प्रसन्न करने वाले की उत्साही और दयनीय प्रार्थना (यूहन्ना 8:29) की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। यदि पिता आपकी बार-बार की गई बिनती को नहीं मानता है, तो आपको याद रखना चाहिए कि आप उसके इकलौते पुत्र से अधिक नहीं हैं।

## हमें उसकी वफ़ादारी मिली है

आपको एक सर्वशक्तिमान पिता मिला है जो उस सबको सम्भालने के योग्य है जो आपने उसे सौंपा है (2 तीमुथियुस 1:12)। ऐसी अनन्त आशीष का आश्वासन देने के लिए, जब तक आप उससे प्रेम करते हैं वह सब बातों को मिलाकर आपका भला ही करवाता है (रोमियों 8:28)। आपके जीवन में भला करवाने के लिए वह सब बातों को देखकर उनका प्रबन्ध कैसे कर सकता है ? इस प्रश्न का उत्तर पाना आपके वश की बात नहीं है। आप केवल उस पर विश्वास करें, संदेह नहीं। उसने जो कुछ कहा है उसे वह अवश्य ही करेगा। परमेश्वर वफ़ादार है। अविश्वास के कारण परमेश्वर की प्रतिज्ञा से डांवांडोल न हों, बल्कि पिता परमेश्वर को महिमा देते हुए, विश्वास में बढ़ते चले जाएं (रोमियों 4:20)।

जब आपको लगे कि जितनी मुसीबत आप पर आ सकती थी, वह आ चुकी है और मुसीबतों का ढेर भी लग जाएं, तो भी अन्त तक आशा रखें ताकि आप मृत्यु तक वफ़ादार बने रह सकें।

## हमें उसका उद्धार मिला है

सब वस्तुओं से आपका भला करवाकर, वह न केवल आपके लिए व्यक्तिगत पूर्व प्रबन्ध (व्यक्तिगत और विशेष पूर्व प्रबन्ध) करता है, बल्कि शैतान के आपके बहुत निकट आने पर वह आप पर अपना हाथ भी रखता है। वह आपको आपकी सामर्थ से अधिक परीक्षा में नहीं पड़ने देता, बल्कि आपके मार्ग में आने वाली परीक्षा से निकलने का मार्ग उपलब्ध कराने की गारंटी भी देता है (1 कुरिन्थियों 10:13)।

आपका पिता सबसे महान है, और मनुष्य या शैतान में आपको उसके हाथों से छीनने

की सामर्थ नहीं है (यूहन्ना 10:28, 29)। आपका ही कोई ऐसा कार्य हो सकता है जिससे वह भला पिता आपको सदा के लिए निकाल दे (1 इतिहास 28:9), परन्तु यह सरासर आपकी गलती होगी। यदि आप स्वर्ग में जाना चाहते हैं, तो वह आपको गिरने से बचाने में समर्थ है और वहां पर आपको अत्यन्त प्रसन्नता से अपनी महिमा के सामने निर्दोष प्रस्तुत करेगा (यहूदा 24)। बायीं ओर के लोग जो सदा के लिए दोषी ठहर चुके होंगे, परमेश्वर की ओर अंगुली करके यह नहीं कह पाएंगे, ''तेरा ही दोष है''। नहीं, जब हम गलती करते हैं तो उसे कष्ट होता है, और उस धर्मी परमेश्वर ने हमें बचाने के लिए और अपने साथ रखने के लिए जो भी किया जा सकता था, किया है।

> तू उनसे यह कह, परमेश्वर यहोवा की यह वाणी है, मेरे जीवन की सौगंध, मैं दुष्ट के मरने से कुछ भी प्रसन्न नहीं होता, परन्तु इससे कि दुष्ट अपने मार्ग से फिर कर जीवित रहे; हे इस्राएल के घराने, तुम अपने-अपने बुरे मार्ग से फिर जाओ; तुम क्यों मरो (यहेजकेल 33:11)।

पिता चाहता है कि सब मनुष्यों का उद्धार हो (1 तीमुथियुस 2:4)। वह नहीं चाहता कि किसी का नाश हो (2 पतरस 3:9)। जैसे सांसारिक पिता अपने बच्चों पर दया करता है, वैसे ही स्वर्गीय पिता उन पर दया करता है जो उससे डरते हैं, क्योंकि वह हमारी निर्बलताओं को जानता है, और उसे ध्यान है कि हम तो धूल ही हैं (भजन 103:13)। वह ''अत्यन्त करुणा और दया'' करने वाला (याकूब 5:11), ''दयालु और अनुग्रहकारी, विलम्ब से कोप करने वाला और अति करुणामय है'' (भजन 103:8)।

## सारांश

उसके अनुग्रह से ही हम, उसका आत्मा पाने, ''अपने पिता'' से इस प्रकार प्रार्थना करने के लिए उसके परिवार में आने के योग्य होते हैं जैसे गैर मसीही लोग नहीं कर सकते। केवल मसीह में बपतिस्मा पाए हुए लोग ही वास्तव में उसे ''हे अब्बा, हे पिता'' (गलतियों 4:6) कह सकते हैं। यदि तू उसे ''हे अब्बा, हे पिता'' कह सकता है तो तू शैतान की संतान और पाप का दास नहीं रहा, ''परन्तु पुत्र है; और जब पुत्र हुआ, तो परमेश्वर के द्वारा वारिस भी हुआ'' (गलतियों 4:7)। एक राजकुमार खुशी में फुर्ती से चल सकता है, परन्तु राजा की संतान होने पर आपको कितना आनन्दित होना चाहिए! ''देखो पिता ने हमसे कैसा प्रेम किया, कि हम परमेश्वर की संतान कहलाएं, और हम हैं भी; इस कारण संसार हमें नहीं जानता, क्योंकि उसने उसे भी नहीं जाना'' (1 यूहन्ना 3:1)।

जब आप प्रार्थना करें, तो कहें, ''हे हमारे पिता।''

पाद टिप्पणियां

[1]''कोई मनुष्य'' पहले ही प्राकृतिक जन्म के द्वारा परमेश्वर का पुत्र है, परन्तु इस प्रकार का पुत्रत्व अपर्याप्त है। [2]''वेदी के नीचे'' (प्रकाशितवाक्य 6:9, 10) की आत्माओं की स्थिति का विस्तृत विवरण टुथ फ़ॉर टुडे (अंग्रेज़ी संस्करण; मई 1999); 11–17 के डेविड रोपर ''यू'व गॉट क्वेश्चन्स ? गॉड हैज़ आन्सरज़'' में है।

## *एल रोई*: ''सर्वदर्शी ईश्वर''

अपनी मालकिन सारै से भाग रही हाजरा नामक एक मिसरी गुलाम, यह देखकर आनन्दित हो उठी थी कि परमेश्वर उसकी परवाह करता है। परमेश्वर ने उसकी कष्टदायक स्थिति को उस समय देखा था जब वह अपने आपको अकेला समझ रही थी (उत्पत्ति 16)।

जब परमेश्वर (या परमेश्वर का प्रतिनिधि जो इतना विशेष था जो उसके साथ ऐसे बात कर सकता हो जैसे वह परमेश्वर ही हो) ने उसके साथ बात की, तो आश्चर्य और आनन्द के कारण वह पुकार उठी *एल रोई* अर्थात ''ईश्वर जो सब कुछ देखता है'' (उत्पत्ति 16:13)। परमेश्वर को ''सर्वसामर्थी'' के रूप में दिखाने वाले इन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसने परमेश्वर के बारे में तीन दावे किए: वह सामर्थी है; वह देखता है; और उसे किसी अकेले, परेशान व्यक्ति की भी चिन्ता है।

## *है रोई*: ''जीवित मुझे देखता है''

उत्पत्ति 16:14 में हाजरा द्वारा परमेश्वर के लिए इस्तेमाल किए शब्द *है रोई* अर्थात ''जीवित जो मुझे देखता है'' का थोड़ा सा बदलाव मिलता है। हाजरा परमेश्वर के दूत द्वारा उससे बात करने के समय शूर के जल के सोते के पास आ चुकी थी। ऐसा प्रतीत होता है कि जल के इस सोते का नाम '' *है रोई* का कुआं'' था। परमेश्वर के बारे में विवरण के लिए हाजरा का एक अतिरिक्त विचार जोड़ दिया गया था अर्थात यह कि उसने ज़ोर देकर कहा था कि परमेश्वर सामर्थी है जिसने उसे देखा, और कुएं का नाम रखते हुए, किसी ने यह भी जोड़ दिया कि वह जीवित है।